This question paper contains **8+2** printed pages]

*Your Roll No.* ....................................

**2072**

**LL.B./I Term** **D**

Paper LB-103—LAW OF TORTS

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Answer any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

P.T.O.

1. "Although the decision of the Supreme Court in Kasturi Lal Ralia Ram Jain *Vs*. State of Uttar Pradesh has not been overruled as such, but the subsequent decisions of the Apex Court have greatly undermined its authority and diminished the sphere of sovereign immunity in India." Elucidate, tracing the development of the law relating to vicarious liability of the State for the torts committed by its servants.

Will the state be vicariously liable for providing compensation, if a police official rapes a woman in police custody ?

"यद्यपि कस्तूरी लाल रलिया राम जैन **बनाम** उत्तर प्रदेश राज्य में उच्चतम न्यायालय के विनिश्चय के विरुद्ध अभी व्यवस्था नहीं दी गई है पर शिखर न्यायालय के परवर्ती विनिश्चयों ने भारत में उसके आधार को पर्याप्त अधिक दुर्बल बना दिया है तथा सम्प्रभु उन्मुक्ति के प्रभाव-क्षेत्र को कम कर दिया है ।" भारत में राज्य के सेवकों के द्वारा किए गए अपकृत्यों हेतु प्रतिनिधिक दायित्व सम्बन्धी विधि के विकास का पता लगाते हुए, व्याख्या कीजिए ।

यदि कोई पुलिस अधिकारी पुलिस अभिरक्षा में किसी नारी का बलात्संग करता है, तो क्या राज्य का प्रतिकर प्रदान करने का प्रतिनिधिक दायित्व होगा ?

2. Jatin, a five-year old child, was seriously injured in an accident caused due to rash and negligent driving by the driver of his school bus. Jatin was taken to a nearby hospital and his mother was informed about the accident over phone. Jatin's mother rushed to the hospital, where she saw a badly injured Jatin. As a result of what she saw, Jatin's mother suffered nervous shock. Tracing the development of the law relating to nervous shock, discuss the liability of the driver and the school authorities for the nervous shock caused to Jatin's mother.

पाँच वर्षीय बालक जतिन उसके स्कूल की बस के ड्राइवर की उतावलेपन से तथा उपेक्षापूर्वक ड्राइविंग से कारित दुर्घटना में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया । जतिन को निकट के अस्पताल ले जाया गया तथा उसकी माता को दुर्घटना की सूचना फोन से दे दी गई । जतिन की माता अस्पताल की ओर झपटी जहाँ उन्होंने बुरी तरह क्षत जतिन को देखा । जो कुछ उन्होंने देखा

उसके परिणामस्वरूप जतिन की माता को तंत्रिकाघात हो गया । तंत्रिकाघात सम्बन्धी विधि के विकास का उल्लेख करते हुए जतिन की माता को कारित तंत्रिकाघात हेतु ड्राइवर और स्कूल प्राधिकारियों के दायित्व का विवेचन कीजिए ।

3. SF Industries, a pesticide manufacturing company, had a huge underground tank in which Methyl Isocyanate, a highly toxic gas, was stored. A severe earthquake led to a rupture in the tank and leakage of the toxic gas. Hundreds of people were killed and injured as a result of the exposure to the gas. Will SF Industries be liable to pay compensation under the rule laid down in Rylands *Vs* Fletcher ? Will your answer be different if the principle evolved by the Supreme Court of India in M.C. Mehta *Vs* Union of India (A.I.R. 1987 S.C. 1086) is applied to the case ? What is the measure of compensation payable in such cases ?

कीटनाशक विनिर्मात्री कम्पनी SF इन्डस्ट्रीज के पास एक बड़ा भूमिगत टैंक था जिसमें अति विषैली गैस–मैथिल आइसोसाइनेट स्टोर थी । एक तीव्र भूकम्प से टैंक में फटन हो गई तथा विषैली गैस का रिसाव हो गया । गैस के सम्पर्क में आने से सैकड़ों लोग हताहत हो गए । क्या SF इन्डस्ट्रीज रीलैन्ड्स **बनाम** फ्लेचर में अधिकथित नियम के तहत प्रतिकर के संदाय के दायित्वाधीन होगी ? यदि इस केस में भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा एम.सी. मेहता **बनाम** यूनियन ऑफ इंडिया (ए.आई.आर. 1987 एस.सी. 1086) में विकसित सिद्धान्त लागू किया जाता है, तो क्या आपका उत्तर भिन्न होगा ? ऐसे मामलों के देय प्रतिकर का क्या माप है ?

4. (*a*) Mohit does not have good relations with his father-in-law. Mohit writes a letter to his wife stating that "your father is a corrupt and characterless man." Mohit's statement is false. Can he be held liable for defamation ?

मोहित के अपने श्वसुर के साथ अच्छे सम्बन्ध नहीं हैं । मोहित ने यह कहते हुए अपनी पत्नी को एक पत्र लिखा है– "आपके पिता भ्रष्ट तथा चरित्रहीन व्यक्ति हैं ।" मोहित का कथन मिथ्या है । क्या वह मानहानि हेतु दायित्वाधीन ठहराया जा सकता है ?

(*b*) Explain the tests for determining remoteness of damage with the help of landmark cases.

युगान्तरकारी केसों की सहायता से हानि की परोक्षता अवधारित करने के लिए परीक्षणों की व्याख्या कीजिए ।

5. Distinguish between *injuria sine damno* and *damnum sine injuria* with the help of decided cases.

Ramesh suffered massive monetary losses due to his unauthorised factory, located in a residential colony, being selectively sealed in compliance with a resolution passed by his political rivals. Drawing a distinction between malice in law and malice in fact, examine whether tortious liability arises in this case.

बिना क्षति के हानि और बिना हानि के क्षति के बीच विनिश्चित केसों की सहायता से भेद सुस्पष्ट कीजिए ।

रमेश को, उसकी आवासीय कालोनी में स्थित अनधिकृत फैक्टरी जो उसके राजनीतिक विरोधियों द्वारा पारित संकल्प के अनुपालन में छांटकर सील कर दी गई थी, के कारण भारी वित्तीय हानि उठानी पड़ी । विधिगत विद्वेष तथा तथ्यगत विद्वेष के बीच भेद स्पष्ट करते हुए परखिए कि क्या इस मामले में अपकृत्य सम्बन्धी दायित्वाधीनता बनती है ?

6. Zafar underwent a surgery for removal of stones in his kidney. The surgery was performed by Dr. Amit, a renowned surgeon, at a leading private hospital. During the surgery, Dr. Amit left a piece of gauze in Zafar's abdominal cavity due to which peritonitis developed and second surgery had to be performed on Zafar for removal of the gauze. Zafar wants to sue Dr. Amit and the hospital for negligence. Decide their liability citing landmark Supreme Court Judgements on medical negligence. Also discuss the jurisdiction of Consumer Courts to try Zafar's case.

ज़फ़र को अपनी किडनी में से पथरियों को निकलवाने के लिए आपरेशन कराना पड़ा था । ख्यातिप्राप्त प्राइवेट अस्पताल के मशहूर सर्जन डा. अमित ने उसकी सर्जरी की थी । सर्जरी के दौरान डा. अमित ने ज़फ़र के उदर में जाली का एक टुकड़ा छोड़ दिया जिसके कारण पेरिटोनाइटिस की शिकायत हो गई तथा जाली को निकालने के लिए ज़फ़र को दूसरी सर्जरी करानी पड़ी । ज़फ़र डा. अमित तथा अस्पताल के विरुद्ध लापरवाही का वाद चलाना चाहता है । चिकित्सकीय उपेक्षा पर उच्चतम न्यायालय के युगान्तरकारी निर्णय का हवाला देते हुए उनकी दायित्वाधीनता का विनिश्चय कीजिए । ज़फ़र के केस पर विचारण के लिए उपभोक्ता न्यायालय की अधिकारिता का भी विवेचन कीजिए ।

7. (*a*) The maxim is '*Volenti non fit injuria*'. It is not '*Scienti non fit injuria*' ? Explain with the help of illustrative cases.

सूक्ति '*Volenti non fit injuria*' है । यह '*Scienti non fit injuria*' नहीं है । निदर्शी मामलों की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

(*b*) Rima jumps into a well in order to commit suicide. Rajat, a passer by, jumps into the well after Rima, in order to save her. In saving Rima against her will, Rajat sustains injuries. Can he sue Rima for compensation ?

आत्महत्या करने के लिए रीमा एक कुएं में कूद जाती है । रीमा को बचाने के लिए एक पथिक रजत उसके बाद कुएं में कूदता है । रीमा को उसकी इच्छा के विरुद्ध बचाने के लिए रजत क्षतिग्रस्त हो जाता है । क्या वह प्रतिकर हेतु रीमा पर वाद चला सकता है ?

8. Write short notes on any *two* of the following :

(*a*) Statutory authority as a defence to tortious liability

(*b*) Distinction between tort and crime

(*c*) The concept of 'duty of care' as enunciated by Lord Atkin in Donoghue *Vs* Stevenson.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(*a*) अपकृत्य दायित्वाधीनता के प्रति प्रतिरक्षास्वरूप क़ानूनी प्राधिकरण

(*b*) अपकृत्य तथा अपराध के बीच सुभिन्नता

(*c*) Donoghue **बनाम** Stevenson में लार्ड Atkin द्वारा यथा प्रतिपादित 'सतर्कता का कर्त्तव्य' संकल्पना ।